# प्रेस विज्ञप्ति

## ई.एस.आई.सी. के विशेष सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत विशेष सुविधा समागम का आयोजन

पटना, 01/03/2023

ई.एस.आई.सी. के विशेष सेवा पखवाड़ा (24 फरवरी, 2023 से 10 मार्च, 2023 तक) के अंतर्गत क्षेत्रीय निदेशक, सत्यजीत कुमार की अध्यक्षता में आज दिनांक 01/03/2023 को अपराह्न 3.00 बजे ई. एस.आई.सी. के क्षेत्रीय कार्यालय, पटना में विशेष सुविधा समागम का आयोजन किया गया।

इस सुविधा समागम में बिहार क्षेत्र के बीमाकृत व्यक्तियों को प्रदान किए जा रहे चिकित्सा हितलाभ से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गयी। इस अवसर पर उपस्थित बीमाकृत व्यक्तियों के कई समस्याओं के समाधान किए गए। खासकर चिकित्सा प्रतिपूर्ति से संबंधित मामलों, लंबित चिकित्सा विपत्रों आदि पर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। साथ ही, उन्हें यह भी आश्वासन दिया गया कि उनकी सुविधाओं में उत्तरोत्तर सुधार हेतु हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं।

इस अवसर पर डॉ. विजय कुमार केसरी, राज्य चिकित्सा अधिकारी, कर्मचारी राज्य बीमा निगम, क्षेत्रीय कार्यालय, पटना, डॉ0 तनूजा कुमारी, चिकित्सा निर्देशी, क्षेत्रीय कार्यालय, पटना, श्री संजय कुमार, उप निदेशक, श्री जयंत कुमार, सहायक निदेशक एवं श्री अनिल कुमार, सहायक निदेशक उपस्थित हुए।

क्षेत्रीय निदेशक